आत्मनिर्भर भारत के महानायक

15 अगस्त विशेषांक

वर्ष : 2, अंक : 19 | 15 अगस्त, 2020

PERFORM INDIA
National Movement for Developed India

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से दिए जाने वाले प्रधानमंत्री के भाषण का अब पूरे देश को उत्सुकता से इंतजार होता है। हालांकि 2014 से पहले स्वतंत्रता दिवस पर दिया जाने वाला यह भाषण एक रस्म अदायगी बन गया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस भाषण को सरकार और नागरिक को जोड़ने का माध्यम बना दिया। 15 अगस्त, 2014 को अपने पहले भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं और नीतियों की ऐसी झलक पेश की, जिससे देश के एक सौ तीस करोड़ लोगों की दिलचस्पी इसमें बढ़ गई।

पिछले छह सालों में लाल किले से दिए अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐतिहासिक वादे किए, कई नई योजनाओं का जिक्र किया। साथ ही अपनी सरकार की नई कार्यशैली से भी देश की जनता को परिचित कराया। वहीं सातवीं बार देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नए लक्ष्य के साथ आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर पेश की और इसे भारत के साथ विश्व कल्याण के लिए जरूरी बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तारवादी सोच रखने वाले देशों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता का सम्मान सर्वोपरि है और जिसने भी इस पर आंख उठाई, देश और देश की सेना ने उसे उसकी ही भाषा में जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य के रूप में भारत को 192 में से 184 देशों का मिला समर्थन दर्शाता है कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पर दुनिया का विश्वास और मजबूत हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों का ही नतीजा है कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से जिन लक्ष्यों और योजनाओं की घोषणाएं कीं, उन्हें पूरा करने में सफलता भी प्राप्त हुई। जहां जन धन खातों की संख्या बढ़कर 40 करोड़ से अधिक हो गई है, वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत खुले में शौच से मुक्त हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर एक देश, एक विधान और एक निशान का सपना साकार किया। जीएसटी लाकर टैक्स के बोझ से आजादी दिलाई। वहीं 80 करोड़ से ज्यादा गरीब लोगों को मुफ्त में अन्न की व्यवस्था की। पिछले एक साल में दो करोड़ परिवारों तक नल से जल पहुंचाने में सफलता मिली है।

15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद हुआ था। इसके उपलक्ष्य में आज पूरा देश 74वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सातवीं बार लाल किले पर झंडा फहराने वाले देश के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बन गए हैं। ऐसे में यह उल्लेख करना जरूरी है कि प्रधानमंत्री मोदी एक महानायक के रूप में किस तरह आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए जुटे हुए हैं।

मोदी सरकार में पहली बार

स्वतंत्रता दिवस 2020

- पीएम मोदी 15 अगस्त को 7वीं बार लाल किले पर झंडा फहराने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने।
- पीएम मोदी लाल किले पर 7वीं बार झंडा फहराने वाले देश के चौथे प्रधानमंत्री बने।
- पीएम मोदी सबसे ज्यादा दिन तक सेवारत गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने।
- पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया के साथ 'मेक फॉर वर्ल्ड' का नया नारा दिया।
- पीएम मोदी ने हर भारतीय को हेल्थ कार्ड देने वाली 'राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अभियान' की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने देश में नई साइबर सुरक्षा नीति लाने का ऐलान किया।
- 173 सीमावर्ती और तटीय जिलों में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का विस्तार किया जाएगा।
- 1 लाख नए एनसीसी कैडेट्स को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें करीब एक तिहाई बेटियां होंगी।
- पीएम मोदी ने अगले 1000 दिन में लक्षद्वीप को भी सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल से जोड़ने की घोषणा की।
- इंटरनेट सुविधा पहुंचाने के लिए अगले 1000 दिन में देश के हर गांव को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा।
- प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोजेक्ट लॉयन और डॉल्फिन शुरू करने का ऐलान किया।
- पीएम मोदी ने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में लड़कियों की शादी करने की न्यूनतम उम्र बढ़ाई जा सकती है।

मोदी सरकार में पहली बार

स्वतंत्रता दिवस 2019



- पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370, 35-ए, तीन तलाक का जिक्र करते हुए कहा कि अब समस्या टालने और पालने का वक्त नहीं है।
- पीएम मोदी ने देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए छोटे परिवार पर जोर दिया।
- सेना के तीनों अंगों के प्रमुख के तौर पर 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ' (सीडीएस) का पद गठित करने की घोषणा की।
- आने वाले पांच साल में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की घोषणा की।
- जल जीवन मिशन की घोषणा की, जिस पर 3.5 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- आधुनिक बुनियादी ढांचा के विकास पर अगले पांच साल में 100 लाख करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया।
- पीएम मोदी ने सिंगल यूज प्लास्टिक से देश को मुक्त करने की अपील की।
- पीएम मोदी ने परिवार के साथ देश के कम से कम 15 पर्यटन स्थलों पर जाने की सलाह दी।
- पीएम मोदी ने दौलतमंद लोगों (वेल्थ क्रीएटर) को शक की नजर से देखने के बजाय सम्मान करने की अपील की।
- पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया का हवाला देते हुए लोगों से मिशन 'लोकल' पर जोर दिया।

मोदी सरकार में पहली बार

स्वतंत्रता दिवस 2018

- पीएम मोदी ने 2022 तक मानव युक्त गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की घोषणा की।
- बेटियों को बड़ा तोहफा देते हुए महिलाओं के लिए सेना में स्थायी कमीशन की घोषणा की।
- 25 सितंबर, 2018 से 10 करोड़ परिवारों के लिए 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' शुरू करने की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने कहा कि गोली और गाली के रास्ते पर नहीं, गले लगा कर कश्मीर के देशभक्त लोगों के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

स्वतंत्रता दिवस 2017

- पीएम मोदी ने 'न्यू इंडिया' का कंसेप्ट देश के सामने रखा, जो सुरक्षित, समृद्ध, शक्तिशाली हो, जहां समान अवसर उपलब्ध हो।
- पीएम मोदी ने 'भारत जोड़ो' का नारा देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि आस्था के नाम पर हिंसा बर्दाश्त नहीं है।
- पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी ने देश में कम्पीटिटिव कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को एक नई ताकत दी है।
- पीएम मोदी ने तीन तलाक का जिक्र करते हुए माताओं-बहनों को अधिकार दिलाने में उनकी मदद की बात कही।

मोदी सरकार में पहली बार

स्वतंत्रता दिवस 2016

- पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 94 मिनट भाषण दिया, जो अब तक का सबसे लंबा भाषण है।
- पीएम मोदी ने लाल किले से बलूचिस्तान और PoK का जिक्र करते हुए, वहां के नागरिकों को धन्यवाद दिया।
- आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को दर्शाने के लिए राज्यों में संग्रहालय बनाने की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने ग्रेड सी और डी लेवल की परीक्षाओं में इंटरव्यू हटाने की घोषणा की।

स्वतंत्रता दिवस 2015

- 15 अगस्त के भाषण के लिए जनता से सुझाव मांगने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी।
- पीएम मोदी ने लाल किले के प्राचीर से सबसे लंबा भाषण देने के जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड को तोड़ा।
- पीएम मोदी ने युवाओं में उद्यमियता को प्रोत्साहित करने के लिए 'स्टार्ट-अप इंडिया' और स्टैंड-अप इंडिया की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने 'टीम इंडिया' का ज़िक्र कर लोगों को जोड़ने की अपील की।
- पीएम मोदी ने कृषि मंत्रालय का नाम बदलकर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय करने की घोषणा की।
- 2022 तक देश के किसानों की आमदनी को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

मोदी सरकार में पहली बार

स्वतंत्रता दिवस 2014

- पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए बरसों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बिना बुलेट प्रूफ बॉक्स के ही जनता से संवाद किया।
- पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले पर पगड़ी पहनकर भाषण देने की परंपरा शुरू की।
- पीएम मोदी ने कहा कि हम बहुमत के बल पर नहीं, हम सहमति के मजबूत धरातल पर आगे बढ़ना चाहते हैं।
- पीएम मोदी ने जन-धन योजना के माध्यम से गरीब लोगों को बैंक अकाउंट की सुविधा से जोड़ने की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने 'मेक इन इंडिया' योजना की घोषणा करते हुए अपील की, "आइए, हिन्दुस्तान में निर्माण कीजिए।"
- पीएम मोदी ने युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए 'स्किल्ड इंडिया' मिशन की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने गरीब लोगों के हितों की रक्षा के लिए डिजिटल इंडिया की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने देश को गंदगी से मुक्त कराने के लिए स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने देश के हर स्कूल में शौचालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।
- सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत हर सांसद से 2016 तक अपने क्षेत्र में एक गांव को आदर्श गांव बनाने की अपील की।
- पीएम मोदी ने योजना आयोग की जगह एक नई संस्था 'नीति आयोग' बनाने की घोषणा की।

देश के निर्माताओं को नमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

"आज हम आजादी के इस पवित्र दिवस को मना रहे हैं। पूज्य बापू के नेतृत्व में देश ने आजादी पाई। मैं आज देश के सभी बलिदानियों को, त्यागी-तपस्वियों को आदरपूर्वक नमन करता हूं।"

"आजाद भारत के विकास के लिए, शांति के लिए, समृद्धि के लिए जनसामान्य की आशाओं-आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए जिन-जिन लोगों ने योगदान किया है, आज मैं उनको भी नमन करता हूं।"

"आजाद भारत का मतलब मेरे लिए यह है कि धीरे-धीरे सरकारें लोगों की जिंदगी से बाहर आएं, लोग अपनी जिंदगी के निर्णय करने के लिए आगे बढ़े और सारे रास्ते उनके लिए खुले होने चाहिए। लोग देश के हित में, परिवार की भलाई के लिए और स्वयं के सपनों के लिए आगे बढ़ें, ऐसा इको-सिस्टम हमको बनाना ही होगा।"

मेक फॉर वर्ल्ड

- प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' को विश्व कल्याण के लिए जरूरी बताते हुए 'मेक फॉर वर्ल्ड' का नया नारा दिया।
- आत्मनिर्भर भारत का मतलब सिर्फ आयात कम करना ही नहीं, अपनी क्षमता, रचनात्मकता और कौशल को बढ़ाना भी है।
- भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में जो हिस्सेदारी है, उसे बढ़ाने के लिए हमें आत्मनिर्भर होना होगा।
- पीएम मोदी ने विश्व आपूर्ति श्रृंखला में विनिर्माण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने का संकल्प लिया।
- ''राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन परियोजना'' में 100 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए जाने का जिक्र किया।
- सर्वांगीण अवसंरचना विकास के लिए लगभग सात हजार परियोजनाओं को चिह्नित किया जा चुका है।
- रक्षा मंत्रालय ने 101 हथियारों और सैन्य उपकरणों के आयात पर 2024 तक के लिए रोक लगाने की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने 4 जुलाई, 2020 को एप के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एप इनोवेशन चैलेंज लॉन्च किया।
- बिजली क्षेत्र में ट्रांसमिशन लाइन टॉवर से लेकर, ट्रांसफार्मर और इन्सुलेटर तक देश में ही बनाने पर जोर दिया गया है।
- सभी सेवाओं में सरकारी खरीद व अन्य के लिए 'मेक इन इंडिया' नीति में संशोधन किया गया है।
- पीपीटी, वेंटिलेटर और मास्क जैसे सामानों के उत्पदान में देश आत्मनिर्भर हुआ और दूसरे देशों की मदद भी कर रहा है।

साफे में मोदी

15 अगस्त 2020

15 अगस्त 2019

15 अगस्त 2018

15 अगस्त 2017

15 अगस्त 2016

15 अगस्त 2015

15 अगस्त 2014

'दाग' से आजादी

- मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया।
- मोदी सरकार में एक देश, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान का सपना सकार हुआ।
- मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में विभाजित किया।
- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और भेदभाव से आजादी मिली।
- अनुच्छेद 370 हटने के बाद पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को भी बाकी सारे अधिकार मिल गए।
- वाल्मीकी समुदाय के लाखों लोगों और जनजातियों को राजनीतिक अधिकार मिले हैं।
- जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित हुआ है।
- पिछले एक साल में आतंकी संगठनों में कश्मीरी युवाओं की भर्ती में 40 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।
- 2020 में पथराव की घटनाओं में 73 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

कुप्रथाओं से आजादी

- मोदी सरकार में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की कुप्रथा से मुक्ति मिली।
- मोदी सरकार ने विरोध के बावजूद संसद से 'मुस्लिम वीमेन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज बिल' पास कराया।
- 2017 में बिना 'मेहरम'(पुरुष साथी) के महिला के हज पर जाने की रोक हटाई गई।
- सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और सोच बदलने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की गई।
- पहली बार महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी गई।
- मोदी सरकार ने पहली बार सैनिक स्कूलों में बेटियों के दाखिले को स्वीकृति दी।
- बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों को रोकने के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया गया।

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

खुले में शौच से आजादी

- पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर, 2019 को देश के खुले में शौच से मुक्त होने की ऐतिहासिक घोषणा की।
- 2 अक्टूबर, 2014 को 38.7 प्रतिशत घरों में शौचालय की सुविधा थी, जो 2 अक्टूबर, 2019 को बढ़कर 100 प्रतिशत हो गयी।
- मोदी सरकार में देश के सभी स्कूलों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो गई है।
- स्वच्छ भारत मिशन नारी स्वावलंबन और सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया है।
- खुले में शौच मुक्त जिलों में बच्चों में डायरिया और संक्रमण की बीमारियों में कमी आई है।
- 8 अगस्त, 2020 को पीएम मोदी ने दिल्ली में गंदगी मुक्त भारत (गंदगी भारत छोड़ो) अभियान की शुरुआत की।
- पीएम मोदी ने मथुरा में कूड़ा बीनने वाली महिलाओं के साथ कचरे से प्लास्टिक निकालकर 'प्लास्टिक मुक्त भारत' बनाने का संदेश दिया।

आजादी की आभा

- 28 अप्रैल, 2018 को देश के प्रत्येक गांव तक बिजली पहुंचाने का प्रधानमंत्री मोदी का सपना पूरा हो गया।
- मार्च 2019 में देश के सभी घरों को बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया।
- देशभर में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का सपना भी साकार हो गया है।
- मोदी सरकार वन नेशन-वन ग्रिड-वन प्राइस योजना को पूरा करने में सफल रही।
- उजाला योजना के तहत 36 करोड़ एलइडी बल्ब का वितरण किया गया है।

गुरबत से आजादी

- मोदी सरकार में 5 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से आजादी मिली
- जनधन योजना के तहत 40 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुले
- उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को चूल्हे के धूएं से मुक्ति मिली
- 8 करोड़ से अधिक महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन मिला
- देश में एलपीजी कवरेज 55 प्रतिशत से बढ़कर 97 प्रतिशत हुआ
- PMJAY के तहत 1.8 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त इलाज
- जल संबंधी समस्याओं से मुक्ति के लिए जल शक्ति मंत्रालय का गठन
- 'एक देश एक राशन कार्ड' से कहीं भी राशन लेने की आजादी
- 80 करोड़ से ज्यादा गरीब लोगों को मुफ्त में अन्न मिला
- गरीब कल्याण रोजगार अभियान शुरू किया गया



आर्थिक आजादी

- 1 जुलाई, 2017 को देश को 17 प्रकार के करों से आजादी मिली, जिसके बोझ के नीचे लोग 70 साल से दबे हुए थे।
- जीएसटी आ जाने से देश में 'वन नेशन, वन टैक्स' का राज स्थापित हुआ।
- जीएसटी से 'टैक्स पर टैक्स' की समस्या से मुक्ति मिली। अब एक बार ही टैक्स चुकाना पड़ता है।
- देश में जीएसटी लागू होने से व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति मिली।
- मोदी सरकार ने कारोबारियों को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी से संबंधित रिटर्न फॉर्म को और आसान किया।

भ्रष्टाचार से आजादी

- मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक में कालेधन के खिलाफ एसआईटी का गठन किया।
- नोटबंदी भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाया गया साहसिक कदम था, बैंकों में कालाधन जमा करने वाले आयकर की राडार में आए।
- नोटबंदी के बाद करीब 18 लाख संदिग्ध खातों की पहचान हुई। साढ़े चार लाख से ज्यादा संदिग्ध ट्रांजेक्शन पकड़े गए।
- नोटबंदी के बाद तीन लाख शेल कंपनियों की पहचान की गई और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।
- भ्रष्टाचार निरोधक (संशोधन) विधेयक-2018 के तहत रिश्वत लेने वालों पर कार्रवाई की गई।
- बेनामी संपत्ति लेन-देन रोकथाम कानून के तहत कार्रवाई तेज की गई।
- भगोड़ा आर्थिक अपराध काननू के तहत विदेश भागने वालों पर शिकंजा कसा गया।
- रियल स्टेट सेक्टर में भ्रष्टाचार रोकने के लिए RERA लागू हुआ और प्रिवेंशन और मनी लॉन्ड्रिग एक्ट में संशोधन किया गया।
- यूरिया का नीम कोटिंग कर कालाबाजारी को खत्म किया गया और किसानों को यूरिया मिलने में आसानी हुई।

बिचौलियों से आजादी

- लगभग 450 योजनाओं को डीबीटी से जोड़ा गया
- 11लाख करोड़ रुपये की धनराशि खाते में ट्रांसफर
- डीबीटी से 1.7 लाख करोड़ रुपये की बचत
- 8 करोड़ से ज्यादा फर्जी लाभार्थी पकड़े गए
- मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान में बिचौलिये से मिली मुक्ति
- घरेलू गैस सिलिंडर के कॉमर्शियल इस्तेमाल पर लगी रोक
- वन और पर्यावरण से जुड़ी मंजूरी के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया
- स्पेक्ट्रम की ऑनलाइन नीलामी से करोड़ों की आमदनी
- 08 अगस्त, 2020 को पीएम किसान सम्मान निधि की छठी किस्त जारी
- छह किस्तों में 9.9 करोड़ किसानों को 75,000 करोड़ रुपये जारी
- किसानों को फसल कहीं पर, किसी को बेचने की आजादी मिली
- एक लाख करोड़ रुपये का 'एग्रीकल्चर इनफ्रास्ट्रक्चर फंड' बनाया गया

बेजा कानूनों से आजादी

- मोदी सरकार में पिछले छह सालों में 1500 से अधिक गैर-जरूरी पुराने कानून खत्म किए गए।
- मोदी सरकार में 32 केंद्रीय श्रम कानूनों को सरल बनाकर 4 श्रम कानूनों में बदला गया।
- ग्रुप बी के अधिकांश और ग्रुप सी के पदों में इंटरव्यू को समाप्त किया गया।
- जल्द से जल्द फाइलों को निपटने के साथ ही पैसे के लिए फाइल दबाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई हो रही है।
- बीते पांच सालों में 300 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवामुक्त किया गया है।
- मोदी सरकार में आज दोगुनी रफ्तार से सड़कें और रेलवे की पटरियां बिछाई जा रही हैं।
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत 2014 में 142वें स्थान से छलांग लगाकर 2019 में 63वें रैंक पर पहुंच गया।





बच्चों के संग पीएम मोदी

15 अगस्त 2019

15 अगस्त 2018

15 अगस्त 2017

15 अगस्त 2016

15 अगस्त 2015

15 अगस्त 2014